# सड़क सुधारने का 11.28 करोड़ का ठेका मात्र 8.23 करोड़ रु. में उठाया, गुणवत्ता पर संशय!

## जयपुर विकास प्राधिकरण में सड़क निर्माता ठेकेदार कम दरों पर टैंडर लेकर कर रहे गड़बड़ियां

-कार्यालय संवाददाता-

- **जेडीए के जोन 12-ए में बालाजी सागर और शेखावटी नगर में पानी की लाइन डालने के बाद जेडीए को सड़क पर वापस डामर करने का कार्य कराना हैं।**
- **सवाल यह उठता है कि जेडीए द्वारा बनाया गया 11.28 करोड़ रु. का ''ऐस्टीमेट'' ज्यादा है या फिर ठेकेदारों की बचत?**

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण में सड़क निर्माता ठेकेदार करीब 25-30 प्रतिशत कम दरों पर टैंडर उठाकर लीपापोती करने में लगे हैं। इसकी बानगी बुधवार को जे.डी.ए. जोन-12ए के एक टैंडर में दिखी, जब 11.28 करोड़ रु. का ठेका एक फर्म ने करीब 27 प्रतिशत कम लागत पर मात्र 8.23 करोड़ रुपए में उठा लिया। हालांकि इस टैंडर में तीन अन्य फर्मों ने भी भाग लिया था, परंतु उनके द्वारा क्रमश: 17, 18 व 21 प्रतिशत ही कम दर डाली गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जेडीए के जोन 12-ए के बालाजी सागर और शेखावटी नगर में पानी की लाइन डलने के बाद जेडीए को सड़क पर वापस डामर करवानी है। इसके लिए रि-इस्टोरेशन और रिन्यूअल का काम होना है। जेडीए ने इसके लिए टैंडर निकाला था, जिसमें 4 ठेकेदारों ने काफी कम दरें भरी थी। इसमें सबसे कम 27 फीसदी कम दर पर पायोनियर प्लस को यह टैंडर मिला है। इतनी कम दर पर ठेका होने से अब जेडीए में यह चर्चा है कि आखिर किस तरह एक चौथाई से अधिक कम लागत पर यह फर्म गुणवत्तापूर्ण कार्य कर पाएगी, क्योंकि इतनी कम दर पर काम करने के बाद जी.एस.टी. और अन्य खर्चे भी होते हैं। साथ ही डामर व अन्य सामग्री की दरें भी अधिक है। ऐसे में गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए काम किस प्रकार किया जाना संभव हैं।

सूत्रों की मानें तो इस टैंडर में मैसर्स खुदा बख्श पठान फर्म ने 17.86, मैसर्स अलंकार कंस्ट्रक्शन कंपनी ने 18.95 तथा मैसर्स गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी ने 21.89 प्रतिशत कम दर भरी थी। जबकि पायोनियर प्लस फर्म ने 27.03 प्रतिशत कम लागत पर यह कार्य करने की सहमति दी है। अब सवाल यह उठ रहा है कि, क्या जेडीए प्रशासन द्वारा इस कार्य के लिए बनाया गया ''एस्टीमेट'' (अनुमानित खर्च) 11.28 करोड़ रु. ज्यादा है, या फिर ठेकेदारों को सड़क निर्माण में बचत ज्यादा हो रही है, जो इतनी कम लागत पर यह कार्य करने की सहमति दे रहे हैं। जानकारों की मानें तो सड़क निर्माता फर्म ने 27 फीसदी कम दर पर काम लिया है। अगर उसकी लागत में 10 प्रतिशत अन्य खर्च और 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लागत जोडी जाए तो यह भी करीब 55 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। ऐसे में जेडीए की अनुमानित लागत से करीब आधी दर पर गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाने पर संशय छाया हुआ है।

सूत्रों की मानें तो जेडीए में पायोनियर प्लस ने अब तक सड़कों के जितने भी काम किये हैं, उनमें ज्यादातर की क्ववालिटी खराब है। कई जगह तो सड़कें एक बरसात ही नहीं झेल पाई। बाकायदा जोन-9 के पार्षद ने इस फर्म के घटिया काम की शिकायत की थी। इससे पहले जोन 12 में जयपुर हैरिटेज स्कूल के पास किए गए काम की शिकायत हुई थी। स्थानीय पार्षद ने जेडीए प्रशासन को बाकायदा चिठ्‌टी लिख कर इस फर्म द्वारा किए गए घटिया कार्य की शिकायत की थी। क्योंकि वहां पर कई जगह तो सड़क ही उखड़ गई थी। इसी तरह शौर्य नगर में भी 20 एम.एम. मोटाई में डामर किया गया था।

## जेडीए आयुक्त ने निकाली तीन आवास योजनाओं की लॉटरी

### जल्द ही एक और नई स्कीम लॉन्च करेगा जे.डी.ए., लोगों को मिलेंगे ई-पट्टे, जिन्हें घर बैठे डाउनलोड कर सकेंगे : आनंदी



**जे.डी.ए. आयुक्त आनंदी ने बुधवार को सरस्वती विहार योजना, गंगा विहार और यमुना विहार आवास योजना की लॉटरी निकाली।**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी ने बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में लॉन्च की गई तीन आवासीय योजना सरस्वती विहार योजना, गंगा विहार और यमुना विहार की लॉटरी निकाली।

- **लॉटरी में निकलने वाले प्लॉट के लिए भी अब आवेदकों के मोबाइल पर सीधे मैसेज जाएंगे**

जेडीसी आनंदी ने बताया कि इन योजनाओं के बाद जेडीए एक और योजना लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही अब शहरवासियों को ई-पट्टे मिलेंगे। लॉटरी में निकलने वाले प्लॉट के लिए भी अब आवेदकों के मोबाइल पर सीधे मैसेज जाएंगे। उन्होंने बताया कि जेडीए की तीन योजनाओं में 765 प्लॉट (भूखंडों) के लिए अब तक 80 हजार 423 आवेदन आए थे। इनमें सबसे ज्यादा 38 हजार 957 आवेदन सरस्वती विहार योजना के लिए आए, जबकि दूसरे नंबर पर गंगा विहार योजना रही। इसके लिए अब तक 24 हजार 175 आवेदन आ चुके हैं। जबकि तीसरी योजना यमुना विहार थी, जिसमें सबसे कम 19 हजार 291 लोगों ने आवेदन किया था। जिन्हें आज ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से प्लॉट आवंटित किए गए।

जेडीसी ने बताया कि अब लॉटरी में सिलेक्ट होने आने वाले आवेदकों के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से उन्हें प्लॉट के आवंटन की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही आवेदन जयपुर विकास प्राधिकरण की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भी आवंटन लिस्ट देख सकते है।

उन्होंने बताया कि इस साल यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विधानसभा में इस साल जयपुर में साथ आवासीय योजना लॉन्च करने की घोषणा की थी। अब तक जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा छह योजनाएं लॉन्च की जा चुकी है। जिनकी लॉटरी प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। अब एक और योजना लॉन्च की जानी है। ये योजना जेडीए में जो नया रीजन जोड़ेंगे, वहां लाने का प्रयास होगा।

जेडीसी ने बताया कि अब हमने ई पट्टा सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया है। जिसके बाद अब आम लोगों को जयपुर विकास प्राधिकरण में अपने पट्टों के लिए परेशान नहीं होना पडेगा। वह घर बैठकर भी अपना भी आसानी से अपना ई पट्टा हासिल कर सकेंगे। यह सुविधा न सिर्फ जयपुर विकास प्राधिकरण में प्रदेश में पहली बार शुरू हुई है। बल्कि, देश के किसी अन्य राज्य में भी इस तरह की सुविधा अब तक नहीं है। जिसका जैव प्रवासी भविष्य में फायदा उठाएंगे।

आनंदी ने बताया कि दौलतपुरा तहसील रामपुर में नींदड़-बैनाड़ रेलवे स्टेशन से करीब साढ़े 5 किलोमीटर दूर खोरा बिसल के पास स्थित सरस्वती विहार योजना में सबसे ज्यादा 300 प्लॉट हैं। इस योजना में कुल 38 हजार 957 आवेदन आ चुके हैं।

अन्य दो योजना की तुलना में इसमें लोगों ने ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है। योजना की सभी कैटेगरी में चार गुना या उससे ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। इस योजना में जेडीए ने आरक्षित दर 11 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर निर्धारित की है।

## धमकियों से परेशान व्यवसायी ने जहर खाकर खुदकुशी की

**जयपुर** । श्याम नगर थाना इलाके में व्यवसायी द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि व्यवसायी जहर खाने से पहले वीडियो बनाकर अपने दोस्त को भेजा। वीडियो में उधार दिए माल के रुपए के बदले मिल रही धमकियों से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही। पुलिस ने सवाई मानसिंह अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

जांच अधिकारी एसआई धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि वैशाली के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी मनमोहन (54) पुत्र गोपाल तोषनीवाल ने जहर खाकर आत्महत्या की है। जिसकी चांदपोल बाजार के मिश्रा राजाजी के रास्ते स्थित अग्रवाल मार्केट में संदीप एजेंसी के नाम से फर्म है। जो पिछले करीब बीस साल से चाय पत्ती का बिजनेस कर रहे थे। जानकारी में सामने आया कि पिछले कई सालों से चौधरी टी ट्रेडर्स के ऑनर नाथूराम चौधरी उधार माल ले रहे थे। जहां नाथूराम चौधरी ने करीब 10-11 लाख रुपए का माल व्यवसायी मनमोहन ने उधार लेकर रकम नहीं चुकाई थी। पिछले कई महीने से उधार दिए माल के रुपए नहीं मिलने पर व्यवसायी मनमोहन परेशान चल रहे था। नाथूराम चौधरी और उसके बेटे से उधारी मांगने पर जान से मारने की धमकियां देने लगे। अवसाद में आने पर व्यवसायी मनमोहन ने परिवार के पूछने पर नाथूराम के उधारी के रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी और उल्टा सीधा जवाब देने के बारे में बताया था। व्यवसायी मनमोहन अपनी कार से श्याम नगर के विशिष्ट मार्ग पर स्थित नाथूराम के घर आया। उधारी मांगने पर दोनों आरोपी बाप-बेटे ने मनमोहन को धमकी दी थी।

## पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों की आर.पी.एस.सी. को अभ्यर्थना भेजी



**पशुपालन, गौ-पालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक ली।**

**जयपुर** (कासं)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालन विभाग के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री जोराराम कुमावत ने पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों, पशुधन निरीक्षक के 2540 व पशु परिचर के 6433 पदों पर भर्ती को लेकर समीक्षा की।

उन्होंने पशुपालन विभाग के निदेषक डॉ. आनंद सेजरा से भर्ती संबंधी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। श्री कुमावत ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों के लिए आरपीएससी को अर्भ्यथना भेज दी गई है। इसके अलावा पशुधन निरीक्षक की गत 13 जून-2025 को प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा चुका है, जिसका परिणाम जल्द से जल्द जारी करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तरह पशु परिचर के डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है, मगर कुछ आवेदकों के कोर्ट में चले जाने के कारण मामले में विभाग की ओर से मजबूत पैरवी करने के लिए कहा गया है।

बैठक में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना पर चर्चा करते हुए 15 अगस्त-2025 तक समस्त 16 लाख पशुओं का पशुपालन विभाग की ओर से हेल्थ सर्टिफिकेट जारी कर संबंधित बीमा कंपनी को पॉलिसी वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश के पशुपालन विभाग के भवनों की मरम्मत व नए भवन निर्माण का कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। कुमावत ने नेशनल लाइव स्टॉक मिशन के तहत आवेदनों के त्वरित निस्तारण, पशु चिकित्सा महाविद्यालय व डिप्लोमा कोर्स के संचालन को लेकर भी समीक्षा की।

मंत्री कुमावत ने लंम्पी, गलघोंटू व लंगड़ा बुखार सहित गौवंश में अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण की प्रगति के बारे में समीक्षा कर कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग के डायरेक्टर डॉ. आनंद सेजरा, अतिरिक्त निदेशक (फार्म व संपदा) विकास शर्मा व पशु चिकित्सा अधिकारी (वाद) अनिल महर्षि मौजूद रहे।

## जेवर चुराने वाली नौकरानी गिरफ्तार



**जयपुर** । सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर से पुश्तैनी डायमंड हार, सोने का टाप्स सहित चांदी की घडी चुराने वाली महिला नौकरानी को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से चुराया गया सामान भी बरामद किया गया है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने 21 जून को हुई चोरी की वारदात का खुलासा कार्रवाई करते हुए घर में काम करने वाली महिला नौकरानी रजनी कौर निवासी बडौदिया बस्ती को गिरफ्तार किया है और उसके पास से पुश्तैनी डायमंड हार, सोने का टाप्स सहित चांदी की घडी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## तरु प्रसाद के रूप में बांटे तुलसी के पौधे

**जयपुर** । कांति चंद्र रोड, बनीपार्क में श्री शिव महापुराण कथा समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिन तुलसी-शालिग्राम विवाह उत्सव भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी जी को दुल्हन और शालिग्राम जी को दूल्हे के रूप में भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर परिसर से बाजे-गाजे के साथ शालिग्राम जी की बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु झूमते-नाचते शामिल हुए। वर पक्ष से सुरेश शास्त्री और वधू पक्ष की ओर से जयपुर नगर निगम हैरिटेज महापौर कुसुम यादव एवं पूर्व चेयरमैन अजय यादव ने विवाह की सभी रस्में निभाईं। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फेरे संपन्न कराए। इस पावन विवाह पर महिलाओं ने आज दूल्हा बने हैं सरकार जैसे मंगल गीतों पर नृत्य किया।

## स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में निर्माणों की गुणवत्ता पर ध्यान दें : निधि पटेल

**जयपुर** । जयपुर स्मार्ट सिटी सीईओ डॉ निधि पटेल ने बुधवार को स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जयपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारी और इंजीनियरिंग विंग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान सीईओ डॉ निधि पटेल ने स्मार्ट सिटी की ओर से किए गए कार्यों की समीक्षा की और प्रगतिरत कार्य और नए प्रोजेक्ट के बारे में भी जानकारी ली।

बैठक में सीईओ डॉ.निधि पटेल ने निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के किसी भी प्रोजेक्ट में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएं। वे खुद भी जल्द ही प्रगतिरत प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने कुछ प्रोजेक्ट पर हो रही देरी को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित संवेदक को नोटिस देकर जल्द कार्य पूरा कराएं जाएं। वहीं, सीईओ डॉ निधि पटेल ने स्मार्ट सिटी में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाड़ी की मॉनिटरिंग की और अन्य तकनीकी सिस्टम के बारे में जानकारी भी ली।

सीईओ डॉ. निधि पटेल ने डोर टू डोर हूपर की नियमित मॉनिटरिंग निर्देश दिए, साथ ही सही काम नहीं पर पेनल्टी लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घरों से कचरा उठाने में लेट होने या अन्य शिकायत आने पर सख्त कार्रवाई की जाएं। साथ ही डॉ निधि पटेल ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को ओर ज्यादा तकनीकी से लैस किया जाने के लिए एक मैप तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता दिनेश चंद्र गोयल, अधीक्षण अभियंता आशीष गर्ग, अमित गर्ग मौजूद थे।

## 'शेखावाटी की हैरिटेज हवेलियों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सीकर, झूंझनूं और चूरू जिले में स्थित शेखावाटी की हेरिटेज हवेलियों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ये बहुत ही दुर्लभ हवेलियां हैं, जिनके संरक्षण के लिए अधिनियम भी लाने की आवश्यता हुई तो अधिनियम लाया जा सकता है। शर्मा ने कहा कि राज्य में सभी हेरिटेज धरोहरों का सर्वे कर विकास करवाया जाए। उन्होंने प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति को शेखावाटी की 662 हेरिटेज हवेलियों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस हेतु झुंझुनूं,चूरू व सीकर कलेक्टरों को भी निर्देश दिए।

## पर्यटन विभाग की सेवाओं को ऑनलाइन करें : राजेश यादव

- **राजस्थान आने वाले पर्यटकों का डेटा कलेक्ट करने और मोबाइल एप बनाने के निर्देश**
- **मेले-उत्सवों की सम्पूर्ण जानकारी से जुड़ी ''पर्यटन मेला उत्सव बुक'' तैयार करने के निर्देश**

**जयपुर** । प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति एवं अध्यक्ष आरटीडीसी राजेश यादव की अध्यक्षता में आयुक्त पर्यटन एवं प्रबंध निदेशक आरटीडीसी रुक्मणी रियाड़ की उपस्थिति में समीक्षा बैठक ली। जहां उन्होंने विभागीय तमाम सेवाओं को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए।

जयपुर स्थित पर्यटन भवन में हुई इस बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने विभागीय योजनाओं व स्कीम्स के क्रियान्वयन व प्रगति, निर्माण कार्यों की प्रगति एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति जैसे बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग में जहां पद खाली है, वहां कार्यबाधित न हो इसके वैकल्पिक रूप से आउटसोर्स किया जाए। उन्होंने पर्यटन विभाग में 13 पर्यटन अधिकारी 20 सहायक पर्यटन अधिकारी के पदों व अन्य विभिन्न पदों को वैकल्पिक व्यवस्था से भरने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव पर्यटन को एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से निदेशालय और अधीनस्थ कार्यालयों का विवरण देते हुए बताया गया कि वर्तमान में पर्यटन विभाग का एक निदेशालय और अधीनस्थ कार्यालय और 04 क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय 15 पर्यटक स्वागत केन्द्र ,14 पर्यटक सूचना केन्द्र 14 हैं। राज्य के राज्य के बाहर 01 पर्यटक स्वागत केन्द्र तथा 4 पर्यटक सूचना केन्द्र स्थापित हैं। विभाग के लिए स्वीकृत 269 स्वीकृत पद हैं जिनमें 162 पदों पर कार्मिक कार्यरत हैं तथा 107 कार्मिकों के पद रिक्त हैं। इस पर प्रमुख शासन सचिव ने निर्देश दिए कि पर्यटन अधिकारियों की आवश्यकता अनुरूप नियुक्ति की जावें, ताकि विभागीय कार्य बाधित न हो और उनकी उत्पादकता में भी वृद्धि हो। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारियों के स्किल और योग्यता का बेहतर किया जाना सुनिश्चित हो।

प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने राजस्थान फिल्म पॉलिसी ड्राफ्ट, राजस्थान टूरिज्म पॉलिसी 2025 ड्राफ्ट और राजस्थान एडवेंचर टूरिज्म प्रमोशन स्कीम 2025 के ड्राफ्ट पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उक्त सभी पॉलिसीज पर तत्परता से विभागीय कार्यवाही कर, अन्तिम रूप प्रदान किया जाने तथा सक्षम स्तर पर नियमानुसार अनुमोदित करवाने की प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने राज्य में आगन्तुक पर्यटकों के आगमन का डेटा व्यवस्थित रूप से संकलित करने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए यहां राज्य के रेल्वे स्टेशन्स पर आने वाले यात्रियों, टोल प्लाजा से गुजरने वाले यात्रियों और बस अड्डों से पर उतरने वाले यात्रियों का डेटा कलेक्ट नियमित रूप से कलेक्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उपायों से राज्य में आने वाले पर्यटकों के आंकड़े नियमित रूप से अपडेटेड रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए कोई सॉफ्टवेयर अथवा मोबइल ऐप भी विकसित किया जा सकता है।

प्रमुख शासन सचिव पर्यटन कला एवं संस्कृति राजेश ने विभागीय मेले उत्सवों के आयोजन पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि मेले उत्सवों की सम्पूर्ण जानकारी देने वाली पर्यटन मेला उत्सव बुक भी विभाग की ओर से प्रकाशित हो तो यह पर्यटकों के बहुत उपयोगी हो सकती है। बैठक में कार्यकारी निदेशक आरटीडीसी एवं अतिरिक्त निदेशक पर्यटन प्रशासन (अतिरिक्त प्रभार) राजेश सिंह, सयुंक्त शासन सचिव पर्यटन मोहम्मद अबूबक्र, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन आनंद त्रिपाठी, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन पवन जैन, संयुक्त निदेशक पर्यटन (विकास राजेश शर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'छात्र दीर्घकालिक विकास पर ध्यान दें'

**जयपुर** । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर में साल-2025-27 के पीजीडीएम बैच का आगाज बुधवार को एक भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ। इस दौरान ''उद्देश्य और अर्थ खोजना'' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में हंसा रिसर्च के कार्यकारी उपाध्यक्ष और क्वांटिटेटिव रिसर्च के प्रमुख संदीप रानाडे ने मुख्य अतिथि संबोधित किया। उन्होंने बैच के स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए अल्पकालिक उपलब्धियों से परे देखने और दीर्घकालिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आव्हान किया। उन्होंने छात्रों को स्वतंत्र रूप से अन्वेषण करने, अपनी गलतियों से सीखने और एक मजबूत नींव बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जयपुरिया के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने अतिथियों का स्वागत किया।

## सार-समाचार

### पर्यावरण व पौधों की देखभाल पर चर्चा



**जयपुर** । जयपुर क्रिएविटी ग्रुप ने पर्यावरण के लिए सी-स्कीम में कैक्टस किंग के.के.अग्रवाल के कैक्टस व एडेनियम गार्डन का अवलोकन किया। अग्रवाल ने पौधों के रख रखाव, पानी देने के तरीके आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हम एक दिन पर्यावरण के नाम पर कुछ कर लेते हैं या फोटोशूट के लिए पौधा लगा देते हैं, बाद में चाहे वो मर जायें, ये नहीं होना चाहिए। सुधीर, प्रदीप, डॉ.यश, तरु, कल्पना, कामना, नैना, प्रतिमा, डॉ.नेहा, संतोष, डॉ.राकेश, डॉ.रोज़ी, डॉ.पारुल, शशि, नील, लक्ष्मी, माधुरी आदि मेंबर्स ने इन पौधों से संबंधित तरह तरह के प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया । अध्यक्ष डॉ. अमला बत्रा ने बताया कि ग्रुप का जैसा नाम है वैसे ही इसमें हम हर महीने कोई ना कोई प्रोग्राम करवाते हैं। सब मेंबर्स ने पर्यावरण से रिलेटेड स्लोगन्स भी कहे। सुषमा के.के.का कहना था आजकल लोग देखा-देखी पौधे लगा लेते हैं, ये जाने बिना कि हमारे क्लाइमेट में यह पौधा पनपेगा या नहीं। इस अवसर पर वीणा म्यूजिक के के.सी.मालू , रेशमा ख़ान और आकाशवाणी प्रमुख ने भी शिरकत की ।

### सी.एम. ने किया डॉ. अशोक गुप्ता का सम्मान



**जयपुर** । गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, जयपुर के डीन एवं प्राचार्य डॉ. अशोक गुप्ता को डॉक्टर्स-डे के अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं अध्यक्ष डॉ. जगदीश मोदी एवं सचिव डॉक्टर अनुराग तोमर द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान उनकी वर्षों की निष्ठा, समर्पण और चिकित्सा उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। डॉ.अशोक गुप्ता के 100 से ज्यादा शोध-पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में छपे है। साथ उन्होंने शिशु चिकित्सा के क्षेत्र में आठ पुस्तक के भी लिखी है। वे विश्व की कई संस्थाओं के, कार्यकारिणी में भी है।

### वार्ड 48 के पार्कों में होंगे विकास कार्य



**जयपुर** । कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के द्वारा किए गए शिलान्यास के कार्य का बुधवार को पार्षद कुमकुम शक्तिसिंह मानपुरा ने दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर पार्क महादेव नगर से शुभारंभ किया। जिसके तहत 24 लाख की लागत से संस्कार विहार, इंजीनियर्स कॉलोनी, रघुनाथ विहार, मंगल नगर और जनक विहार पार्क के अंदर इंटरलॉकिंग टाइल्स, रेलिंग, टीन शैड, रंग रोगन, पेड़-पौधे और घास लगायी जाएगी। इस मौक़े पर नरपत सिंह नरुका, जितेंद्र सिंह शेखावत, शंकरलाल शर्मा, रामअवतार यादव, राजेश पारीक, शिव सिंह, अनिल कटोच, नंद सिंह, कैलाश सिंह, नितेश शर्मा, राजाराम सिंह, कैलाश सैनी, शंकर अग्रवाल चमन लाल कटारिया और सैकड़ों स्थानीय निवासी और मातृशक्ति मौजूद रहे। उन्होंने पार्षद कुमकुम शक्तावत और भाजपा नेता शक्ति सिंह मानपुरा का स्वागत-सत्कार भी किया।

### सुरेंद्र जैन पारस को रोटरी कीर्ति अवार्ड



**जयपुर** । रोटरी क्लब जयपुर ने हाल ही में रोटरी सभागार में आयोजित एक गरिमामय ''आभार समारोह'' में अपने पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन पारस को रोटरी कीर्ति अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें रोटरी वर्ष 2024-25 के दौरान क्लब के प्रति उनके अमूल्य योगदान, अटूट स्नेह, सतत सहयोग और प्रेरक मार्गदर्शन के लिए दिया गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन गिरधर माहेश्वरी ने कहा कि पारस का सहयोग और मार्गदर्शन क्लब के लिए गौरव की बात रही है और इसने उनकी रोटरी सेवा यात्रा को सार्थक एवं ऊर्जावान बनाया। उन्होंने आगे कहा कि सुरेंद्र जैन पारस के विश्वास ने क्लब के कर्तव्यों को नई दिशा दी और हर चुनौती को अवसर में बदलने की शक्ति प्रदान की। माहेश्वरी ने बताया कि यह अवार्ड प्रदान करके रोटरी क्लब जयपुर ने पारस के अमूल्य योगदान के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मान नि:संदेह रोटरी परिवार के लिए प्रेरणा और आत्मबल का स्त्रोत बनेगा। रोटरी क्लब जयपुर ने पारस के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने को अपना सौभाग्य बताया।

### सूक्ष्म लेखन कलाकार निरु छाबड़ा का सम्मान



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान के जयपुर की सुप्रसिद्ध चावल पर सूक्ष्म लेखन कलाकार एवं राष्ट्रीय मेरिट पुरस्कार से सम्मानित निरु छाबड़ा ने अपनी 46 वी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर, अपने पति प्रदीप छाबड़ा के साथ, श्रवणबेलगोला में पूज्य भट्टारक अभिनव चारुकीर्ति स्वामीजी के सान्निध्य में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर छाबड़ा ने चावल के दानों पर सूक्ष्म लेखन से निर्मित दुर्लभ कलाकृतियाँ स्वामीजी को दिखाई। स्वामीजी ने उनकी कला की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। यह दिन छाबड़ा के लिए इसलिए भी विशेष रहा, क्योंकि यह उनके सूक्ष्म लेखन के 44 वर्षों के कला-सफर की स्मृति भी है। उन्होंने चावल के एक दाने पर ब्रश की सहायता से 108 अक्षर लिखने का कीर्तिमान स्थापित किया है, जो उनकी अद्वितीय प्रतिभा का प्रमाण है। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर पूजनीय भट्टारक स्वामी ने निरू छाबड़ा सहित युगल दम्पति का शॉल ओढाकर एवं साडी व प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व प्रदीप-निरु छाबड़ा ने भगवान बाहुबली के दर्शन लाभ एवं पूजा अर्चना कर पुण्यार्जन किया।